राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/999/2022 दिनांकः— 18 अगस्त, 2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः—डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र दिनांकः 07 जून, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा दिनांकः 04 जनवरी, 2022 के बाद राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के क्षेत्राधिकार में स्थित महाविद्यालयों को डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा दी गयी सम्बद्धता को अमान्य घोषित किया गया था।

डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा दी गयी सम्बद्धता को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा मान्य किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त प्रत्यावेदन पर मा0 कुलपति जी द्वारा कार्य परिषद के तीन सदस्यों की एक समिति गठित की गयी जिसके द्वारा संस्तुति की गयी कि जिन महाविद्यालयों द्वारा दिनांकः 04 जनवरी, 2022 के बाद डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्धता प्राप्त की गयी है, उन महाविद्यालयों पर रु0 50000/— (रु0 पचास हजार मात्र) प्रति महाविद्यालय प्रति पाठ्यक्रम तथा एक महाविद्यालय में एक से अधिक पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता लिये जाने पर रु0 25000/—(रु0 पच्चीस हजार मात्र) प्रति अतिरिक्त पाठ्यक्रम अर्थदण्ड प्राप्त कर सत्र 2022—23 की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित कर लिया जाये।

उपर्युक्त गठित समिति की संस्तुति को मा0 कुलपति जी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है तथा निर्देश दिया गया है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा दिनांकः 04 जनवरी, 2022 के बाद डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्धता प्राप्त की गयी है वह उपर्युक्तानुसार अर्थदण्ड महाविद्यालय लागिन पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से DEBIT CARD/CREDIT CARD/ NEFT/RTGS/NET BANKING का प्रयोग करते हुए अर्थदण्ड दिनांकः 25 अगस्त, 2022 तक जमा करना सुनिश्चित करें तथा सम्बद्धता पत्र एवं जमा शुल्क की हार्ड कापी विश्वविद्यालय में जमा कर सत्र 2022—23 की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा/अलीगढ़।
4. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner